राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

आम आदमी की तरह मंदिर गये मनोनीत राज्यपाल

साधारण गाड़ी में बैठे, लाल बत्ती पर रूके, कोई लाव–लश्कर नहीं

लोगों की सुविधा का ध्यान रखना है – श्री कलराज मिश्र

–

जयपुर, 09 सितम्बर। मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को प्रातः अपने दिन की शुरूआत मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में दर्शन करके की। मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र अपनी पत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा के साथ गणेश जी की पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

श्री मिश्र के लिए राजभवन अतिथि गृह में अशोक स्तम्भ लगी गाड़ी लगाई तो उन्होंने यह कहते हुए मना किया कि हमें लोगों की सुविधा का ध्यान रखना है। इसलिए साधारण गाडी लगाओ। श्री मिश्र ने पुलिस जाब्ता लगाने को भी मना किया। श्री मिश्र आम आदमी की तरह राजभवन से निकले। काई ट्रफिक नहीं रोका गया। लाल बत्ती पर उनकी गाडी रूकी रही। श्री मिश्र की गतिविधि देखकर राजभवन के अधिकारी, पुलिस बल और आम आदमी आश्चर्यचकित रहा।

राम बाग सर्किल पर लाल बत्ती पर साधारण गाडी में बैठे श्री कलराज मिश्र को देखकर मोटर साइकिल पर पीछे बैठा एक बच्चा जोर से बोला की पापा देखो यह नये राज्यपाल इस गाडी में बैठे हैं। बच्चा और पिता ही नहीं चौराहे पर हरी बत्ती होने का इंतजार कर रहा प्रत्येक व्यक्ति मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र को साधारण गाडी में बैठे और उनकी गाडी को लाल बत्ती पर खड़ी देखकर आश्यर्चचकित था।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान